प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की टीम दो दिवसीय दौरे पर कल रांची आयेगी।
2. जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा प्रभावित करने के संदेह पर धनबाद और रामगढ़ से तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।
3. एमएस रामचन्द्र राव, झारखंड हाईकोर्ट के बनाये गये मुख्य न्यायाधीश, नियुक्ति प्रक्रिया को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी।
4. केंद्र सरकार ने युवाओं में तंबाकू के सेवन की समस्या से निपटने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया परामर्श।
5. मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों के बाद तीन दिनों तक बारिश की जतायी संभावना।

****

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की टीम दो दिवसीय दौरे पर कल रांची आयेगी। टीम में मुख्य चुनाव आयुक्त समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि आयोग, रांची में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी और केंद्रीय बल समन्वयक से भी मुलाकात करेगा। आयोग की टीम सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ भी समीक्षा बैठक करेगा।

****

झारखंड में जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा को प्रभावित करने के संदेह पर धनबाद के झरिया से दो और रामगढ़ में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। धनबाद एसएसपी हरदीप पी जनार्दन ने बताया कि हिरासत में लिये गए व्यक्तियों में एक बिहार के जहानाबाद और दूसरा बोकारो जिले के गोमिया का निवासी है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

इसके अलावा कई जिलों में पहली पाली की परीक्षा में दूसरी पाली का प्रश्न पत्र बांटने की भी शिकायत मिली।

इधर, जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा के दूसरे दिन आज भी सुबह 7 बजे से इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है।

****

एमएस रामचन्द्र राव को झारखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्ति किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था, जिस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी प्रदान कर दी है।

****

केंद्र सरकार ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के दिशा–निर्देशों और उसके लिए बनाये गये मैनुअल के प्रभावी क्रियान्यवन को लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों के मुख्य सचिवों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थानों के संबंध में दिशा निर्देश और मैनुअल के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने को कहा है।

****

झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है उनमें कंपनी कमांडर कैलाश यादव और फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद है।

****

भाजपा की परिवर्तन यात्रा कोडरमा पहुंच चुकी है। कोडरमा के ब्लॉक मैदान में आयोजित जनसभा में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। झुमरीतिलैया के सुभाष चौक से सुबह 11 बजे परिवर्तन यात्रा शुरू होगी, जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बिहार के सांसद जनार्दन प्रसाद सिग्रीवाल, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव और बरकट्ठा विधायक अमित यादव शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा के जरिए हेमंत सरकार को सत्ता से बेदखल किया जायेगा।

वही सांसद जनार्दन प्रसाद सिग्रीवाल ने बताया कि कोडरमा विधानसभा की एक बड़ी आबादी राज्य में परिवर्तन का शंखनाद करेगी।

वहीं विधायक नीरा यादव ने कहा कि हेमंत सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है।

****

इधर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद झारखण्ड के विकास में बाधक है। श्री सिंह ने चतरा के इटखोरी में परिवर्तन रैली में राज्य की झामुमो सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया।

****

लोहरदगा जिला में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया है।

****

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले 36 घंटों में बंगाल की खाड़ी में अपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन से लो प्रेशर एरिया बनने वाला है। विभाग ने कहा कि झारखंड में आज कहीं—कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। वहीं राजधानी रांची में आसमान में बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद तीन दिन तक झारखंड में गरज के साथ बारिश एवं वज्रपात होने की संभावना है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में इंटरनेट बंद किये जाने पर हाईकोर्ट की ओर से राज्य सरकार से जवाब मांगे जाने की खबर को प्रमुखता दी है। इसके अलावा....

प्रभात खबर ने झारखंड विधानसभा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान के हवाले से लिखा है— केंद्रीय कैबिनेट में झारखंड से एक कुर्मी को मिलेगी जगह।

दैनिक जागरण ने लिखा है— कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर आज साढ़े ग्यारह घंटे ठप रहेगी इंटरनेट सेवा, हाईकोर्ट तल्ख।

रेल हादसे की साजिश रचने पर देशद्रोह का केस चलाये जाने की खबर को दैनिक भास्कर ने पहले पेज पर जगह दी है।

हिंदुस्तान ने जस्टिस रामचंद्र राव के झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनाये जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

इधर अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका यात्रा की खबर को पहली सुर्खी बनायी है।

****